UTTAR PRADESH POLICE

"सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा"

प्रेस नोट–21.01.2021

एसओजी व थाना फरिहा पुलिस की संयुक्त कार्यवाही।

एसओजी व थाना फरिहा पुलिस द्वारा दिनांक 05.01.2021 को थाना फरिहा क्षेत्र में की गई अज्ञात हत्यारों द्वारा हत्या का खुलासा करते हुये 02 हत्यारों को किया गया गिरफ्तार।

- **मोबाईल के झगड़ें में मृतक द्वारा पूर्व में हत्याभियुक्तों के साथ की गई थी गाली–गलौज।**
- **मृतक की बहन से भी था हत्याभियुक्त का बात–चीत करने का सिलसिला, मृतक द्वारा किया गया था इसका विरोध।**
- **अपने से निम्न जाति के व्यक्ति द्वारा की गई गाली–गलौज से हत्याभियुक्त थे आहत।**
- **हत्या कर शव को फेंका था सेंगर नहर में।**

दिनांक 05.01.2021 को थाना फरिहा क्षेत्र में सेंगर नहर की पटरी पर वीरपाल उर्फ बिल्लू का शव पड़ा हुआ मिला, सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा अज्ञात में मुकदमा पंजीकृत करते हुये शव का पोस्टमार्टम कराया गया था।

उक्त के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, फिरोजाबाद द्वारा नवयुवक वीरपाल की हत्या पर तत्काल संज्ञान लेते हुये अपर पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण के नेत्रत्व व क्षेत्राधिकारी जसराना के पर्यवेक्षण में एसओजी व थाना फरिहा की संयुक्त टीम गठित कर उपरोक्त हत्या की घटना का शीघ्र से शीघ्र अनावरण कर हत्या करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया।

उपरोक्त घटनास्थल देहात क्षेत्र व नहर की पटरी का होने के कारण आस–पास कोई भी तकनीकी साक्ष्य मौजूद नहीं था ऐसी स्थिति में एक–दम ब्लाइण्ड मर्डर केस का अनावरण किया जाना अत्यन्त ही चुनौतीपूर्ण कार्य था किन्तु पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास व कठिन परिश्रम कर आस–पास के क्षेत्र में भृमणशील रहकर ठोस सूचना संकलन करते हुये गॉव के ही कई लोगों से लगातार 14 से 15 दिनों तक पूछ–ताछ की गई तो ज्ञात हुआ कि गॉव के 02 लड़के शिवा व अनिल यादव गायब थे, जिनको पकड़ने हेतु सर्विलान्स सैल की मदद ली गई लेकिन दोनों ही लड़के पुलिस के सामने नहीं आ रहे थे। उपरोक्त दोनों को सर्विलान्स की सहायता लेते हुये मुखबिर की सूचना के आधार पर दिनांक 20.01.2021 को नगला भादों मोड़ से पुलिस हिरासत में लिया गया जिनसे गहराई से पूछताछ की गई तो हिरासत में लिये गये दोनों व्यक्तियों द्वारा अपने एक अन्य साथी रॉकी के साथ वीरपाल की हत्या किया जाना स्वीकार किया गया। जब और अधिक गहनता से हत्या का कारण पूछा गया तो शिवा द्वारा बताया गया कि मेरा मृतक वीरपाल की बहनों से बात–चीत करने का सिलसिला था जो वीरपाल की जानकारी में आ गया था और कुछ दिन पहले मोबाईल के कारण वीरपाल और उसके भाई द्वारा हमारे घर पर आकर गाली–गलौज की गई जिस कारण से मुझे बहुत ग्लानि हुई थी तब मैंने अपने दोस्त अनिल व रॉकी के साथ बैठकर अनिल की मढ़ईया पर वीरपाल की हत्या की योजना दिनांक 03.01.2021 को बनाई। वीरपाल जब अपने सूअर लेकर खेतों की तरफ जाता हुआ दिखाई दिया तो मैं अपने साथी अनिल व रॉकी के साथ उसके पीछे–पीछे लग गया जब वह खेत के किनारे पर बैठा हुआ था तो हम लोग पीछे से गये और उसके गले में मोटरसाईकिल के क्लिच का वायर डालकर गला दवा दिया जब उसकी फड़फड़ाते हुये दम निकल गई तो उसके शव को उठाकर सेंगर नहर के किनारे डाल दिया। पकड़े गये अभियुक्त शिवकुमार उर्फ शिवा द्वारा यह भी बताया गया कि पुलिस हम पर शक न करे इसलिये हम सीधे अपने स्कूल चले गये जिससे कि स्कूल के सीसीटीवी में उपस्थित रहे और इस हत्या से बचा जा सके।

गिरफ्तार अभियुक्तः–

- अनिल पुत्र सरमन यादव, नि0–ग्राम लखौआ, थाना–फरिहा, फिरोजाबाद।
- शिवकुमार उर्फ शिवा पुत्र रविन्द्र यादव, नि0–लखौआ, थाना–फरिहा, फिरोजाबाद।

फरार अभियुक्तः–

1. रॉकी पुत्र वीकेश यादव, नि0–ग्राम इटौली, थाना–फरिहा, फिरोजाबाद।

बरामदगीः–

हत्या में प्रयुक्त मोटर साईकिल का क्लिच वायर —01 अदद।
बरामदग धनराशि —950/—रूपये।

<u>गिरफ्तार करने वाली टीमः</u>—

1. प्रभारी निरी0 श्री संजीव चौधरी, थाना—फरिहा, फिरोजाबाद।
2. प्रभारी एसओजी कुलदीप सिंह, जनपद—फिरोजाबाद,।
3. व0उ0नि0 महेश सिंह, थाना—फरिहा, फिरोजाबाद।
4. है0का0 673 आरक्षी शुक्ला, सर्विलान्स सैल, फिरोजाबाद।
5. आरक्षी 978 अश्वनी, थाना—फरिहा, फिरोजाबाद।
6. आरक्षी 829 धमेन्द्र सिंह, थाना—फरिहा, फिरोजाबाद।
7. आरक्षी 826 घनेन्द्र सिंह, थाना—फरिहा, फिरोजाबाद।
8. आरक्षी 1192 नदीम खॉन, एसओजी, फिरोजाबाद।
9. आरक्षी 594 भगत सिह, एसओजी, फिरोजाबाद।
10. आरक्षी 1412 पवन कुमार, एसओजी, फिरोजाबाद।

नोटः—श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, महोदय द्वारा घटना का अनावरण करने वाली टीम के उत्साहवर्धन हेतु 15 हजार रूपये की नगद धनराशि से पुरूस्कृत किया गया है।